# राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना (फेज–2)

JICA द्वारा ऋण एवं राज्य सरकार की वित्तीय सहायता से संचालित

संवाद पत्र

अंक - 10 अप्रेल से जून 2018


# उच्चाधिकार समिति एवं साधारण सभा की बैठक का आयोजन



राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता संरक्षण सोसायटी की उच्चाधिकार समिति एवं साधारण सभा की चतुर्थ बैठक श्रीयुत गजेन्द्र सिंह जी, माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 12.06.2018 को आयोजित की गई। बैठक में श्री कुलदीप रांका (प्रमुख शासन सचिव –वन एवं पर्यावरण, राजस्थान सरकार), श्री सी. एस. रत्नासामी (प्रधान मुख्य वन संरक्षक –हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स), श्री एस. के. सोलकी (विशिष्ट शासन सचिव, वित्त एवं प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त), श्री वाई. के. दक (शासन सचिव – वन) श्री जी. वी. रेड्डी (अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक) एवं श्री पी. के. उपाध्याय (परियोजना निदेशक –आर.एफ.बी.पी.–2) ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (पशुपालन), अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं आयुक्त (कृषि एवं हॉर्टिकल्चर), प्रमुख शासन सचिव (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज), प्रमुख शासन सचिव (आयोजना) के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न वन मण्डलों के परियोजना अधिकारियों तथा निदेशालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में परियोजना निदेशक द्वारा सबका स्वागत किया गया तथा परियोजना प्रगति से संबंधित एक प्रस्तुतिकरण किया गया। माननीय मंत्री महोदय द्वारा इस अवसर पर RFBP-2 के वार्षिक प्रतिवेदन 2017–18 का विमोचन भी किया गया।



तत्पश्चात बैठक ऐजेण्डा के प्रत्येक बिन्दु पर विस्तृत चर्चा एवं विचार–विमर्श करते हुए संबंधित प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। जिनमें मुख्य रूप से परियोजना की समय अभिवृद्धि के प्रस्ताव का अनुमोदन (जायका द्वारा जारी ऋण राशि में अवशेष, वृक्षारोपण कार्यों के अनुरक्षण एवं अल्प मात्रा में अन्य बकाया कार्यों के संपादन हेतु) किया गया। अन्य महत्वपूर्ण निर्णय JOCV कार्यक्रम के तहत Japanese Volunteers को बुलवाने के प्रस्ताव के अनुमोदन से संबंधित लिया गया। इन Volunteers की सेवाएं आर. एफ.बी.पी.–2 के तहत विकसित किये गये तीनों बायोलोजिकल पार्क के अतिरिक्त विकसित किये जाने वाले 2 बायोलोजिकल पार्क एवं अन्य वन्यजीव क्षेत्रों में भी लेने के सुझाव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई।

## परियोजना निदेशक की कलम से ...

मई 2018 में चार वर्ष उपरान्त एक बार फिर से परियोजना से जुड़ने का अवसर मिला। परियोजना के सभी घटकों की प्रगति सराहनीय एवं उत्साहजनक है। कुछ क्षेत्रों में अभी भी सुधार की गुंजाइश है और यहीं पर हमें पूर्ण ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

गत त्रैमास में आयोजित उच्चाधिकार समिति, साधारण सभा एवं शासकीय निकाय के बैठकों में लिए गए निर्णयों के आधार पर हमारा प्रयास है कि परियोजना के कार्यकाल में अभिवृद्धि के प्रस्ताव को अविलम्ब JICA से अनुमोदन करवा लिया जाए, साथ ही एक नई परियोजना का प्रारूप भी तैयार कर उसे सक्षम स्तरों से अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दिया जाए।

निदेशालय में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी परियोजना अधिकारियों ने वर्तमान परियोजना के अपने अनुभव साझा किये थे तथा नई परियोजना के प्रारूप हेतु अपने सुझाव दिए थे। हमारा प्रयास रहेगा कि हम ज्यादा से ज्यादा सुझावों को समाहित कर सकें।

मेरा पूर्ण विश्वास है कि आप सभी का सहयोग अनवरत जारी रहेगा और हमारा सम्मिलित प्रयास परियोजना के सभी सोपानों को पूर्ण करने में सफलता दिलाएगा।

शुभकामनाओं सहित।



– **पी.के. उपाध्याय** (आई.एफ.एस)
अति.प्र.मु.व.सं. एवं परियोजना निदेशक

# शासकीय निकाय की बैठक का आयोजन



राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता संरक्षण सोसायटी के शासकीय निकाय की बारहवीं बैठक श्री कुलदीप राका, प्रमुख शासन सचिव (वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार) की अध्यक्षता में दिनांक 25 मई, 2018 को आयोजित की गई। बैठक में श्री अनिल कुमार गोयल (प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स, राजस्थान, जयपुर), श्री जी. विश्वनाथ रेड्डी (अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर) श्री वाई.के. दक (शासन सचिव –वन), श्री पी. के. उपाध्याय (परियोजना निदेशक) श्री एस. आर. यादव (अतिरिक्त परियोजना निदेशक–विकास, एवं सदस्य सचिव, राजस्थान वानिकी विकास एवं जैव विविधता संरक्षण सोसायटी) तथा श्री बी.के. शर्मा (एन.जी. ओ. प्रतिनिधि) ने भाग लिया। बैठक ऐजण्डा के प्रत्येक बिन्दु पर विस्तृत चर्चा एवं विचार–विमर्श उपरान्त गत बैठक के कार्यवाही विवरण, वर्ष 2017–18 में हुए वास्तविक व्यय एवं प्रस्तावित वार्षिक योजना वर्ष 2018–19 का अनुमोदन किया गया।

बैठक के दौरान परियोजना समय अभिवृद्धि एवं JOCV कार्यक्रम के तहत Japanese Volunteers को बुलवाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उक्त सभी निर्णयों को उच्चाधिकार समिति की प्रस्तावित बैठक के ऐजण्डे में शामिल किये जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में नवीन परियोजना की रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार–विमर्श किया गया तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF) द्वारा यह सुझाव दिया गया कि आर.एफ.बी.पी. फेज–3 की परियोजना में भरतपुर एवं चितौड़गढ़ जिलों में भी बायोलोजिकल पार्क बनाया जाना प्रस्तावित किया जावे। साथ ही यह सुझाव भी दिया कि जयपुर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस वन एवं वन्यजीव हेतु परियोजना के अगले चरण में प्रावधान रखा जावे। वन्यजीव क्षेत्रों में आर.एफ.बी.पी.–2 के तहत करवायें गये अच्छे कार्यों का डॉक्यूमेन्टेशन करवाये जाने एवं उनकी फिल्म भी तैयार करवाये जाने का निर्णय लिया गया।

# निदेशालय स्तर पर समीक्षा बैठक का आयोजन



परियोजना निदेशक महोदय की अध्यक्षता में 13 जून 2018 को परियोजनान्तर्गत मण्डल प्रबंधन इकाईयों द्वारा विभिन्न घटकों (Packages) अन्तर्गत अर्जित प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन परियोजना निदेशालय के मिटिंग हॉल में रखा गया।

बैठक के प्रारंभ में परियोजना निदेशक के स्वागत उद्बोधन पश्चात परियोजना प्रबंधक (जन सम्पर्क) द्वारा परियोजना की अब तक की उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण दिया गया। तत्पश्चात परियोजना निदेशक द्वारा मण्डल प्रबन्धन इकाईवार अर्जित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही समस्त उपस्थित परियोजना अधिकारियों को आय सृजन गतिविधियों की प्रगति शत–प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।

वृक्षारोपण कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारियों को वृक्षारोपण के द्वितीय वर्ष के पश्चात जीवितता प्रतिशत MOD के प्रावधानों अन्तर्गत सुनिश्चित करने एवं वृक्षारोपण कार्यो का निरन्तर मूल्यांकन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही वर्षा ऋतु पूर्व समस्त वृक्षारोपण साईट्स का भ्रमण कर आवश्यकता अनुसार Singling (रौंज/ खेजड़ी), Replacement एवं बीजारोपण करवाने के निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान विशेष तौर पर पधार कर अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) डॉ. सुरेश चन्द्र द्वारा भी परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त परियोजना अधिकारी पूर्व के समस्त वृक्षारोपण साईटों का आवश्यक रूप से निरिक्षण करते हुये जीवितता प्रतिशत निर्धारित मापदण्डों से अधिक सुनिश्चित करावे साथ ही इस वर्षा ऋतु में आवश्यकतानुसार बीजारोपण करवाकर आवश्यक सुधार भी करें।



स्वयं सहायता समूह गठन एवं आजीविका संवर्धन कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए परियोजना निदेशक द्वारा बैठक में मण्डल प्रबंधन इकाईवार स्वयं सहायता समूह गठन, बचत बैंक खाते, गतिविधियों का चयन एवं ऋण राशि के उपयोग की समीक्षा करने पर पाया गया कि अनेक मण्डल प्रबंधन इकाईयों द्वारा अर्जित प्रगति आशानुरूप नहीं है। अतः संबंधितों को निर्देशित करते हुये अविलम्ब प्रगति सुनिश्चित करवाने एवं प्रत्येक सप्ताह अर्जित प्रगति की समीक्षा करने हेतु कहा गया।

अन्य घटकों की समीक्षा उपरांत राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना के तृतीय चरण की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए परियोजना निदेशक द्वारा परियोजना अधिकारियों को वांछित सूचना एक्त्रित कर निदेशालय को भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी संबंधित मुख्य वन संरक्षकगणों से अनुरोध किया गया कि परियोजना के सभी कार्यो की नियमित मासिक समीक्षा की जावे एवं समीक्षा रिपोर्ट इस कार्यालय को भिजवाने का श्रम किया जाये।

# नये परियोजना निदेशक द्वारा पदभार ग्रहण



श्री पी के उपाध्याय (अति प्रधान मुख्य वन संरक्षक) ने 7 मई 2018 को परियोजना निदेशक, राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना (फेज – 2) का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय वन सेवा (1992 बैच) के अधिकारी श्री उपाध्याय मार्च 2012 से मार्च 2014 तक इसी परियोजना में अतिरिक्त परियोजना निदेशक (प्रशासन) के पद पर कार्य कर चुके हैं। परियोजना निदेशक बनाये जाने से पूर्व श्री उपाध्याय मुख्य वन संरक्षक (अजमेर) के पद पर कार्यरत थे।

परियोजना निदेशालय में निवर्तमान परियोजना निदेशक श्री आर के गोयल की विदाई एवं श्री पी के उपाध्याय के स्वागत हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निदेशालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## Project Financial Progress

*Fin. : Rs. in Lacs*

| S.No. | Package / Budget Head | Project Budget | Expenditure upto FY 2017-18 | FY 2018-19 | | Cummulative Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | BE | Exp. 1st Quarter (April'18 to June'18) | |
| 1 | Afforestation | 42328 | 53625.83 | 2948.16 | 81.08 | 53706.91 |
| 2 | Agro Forestry Activities | 163 | 67.25 | 52.20 | 0.00 | 67.25 |
| 3 | Water Conservation Structures | 4692 | 6011.80 | 220.50 | 0.00 | 6011.80 |
| 4 | Biodiversity Conservation | 8436 | 10959.03 | 1268.07 | 0.00 | 10959.03 |
| 5 | Poverty Alleviation and Livelihood Improvement | 1689 | 691.41 | 305.50 | 0.00 | 691.41 |
| 6 | Capacity Building, Training & Research | 634 | 263.85 | 188.14 | 0.00 | 263.85 |
| 7 | Community Mobilisation | 6542 | 5234.42 | 262.60 | 0.79 | 5235.21 |
| 8 | Project Management | 2982 | 2016.12 | 263.70 | 16.99 | 2033.11 |
| 9 | Monitoring & Evaluation | 590 | 176.75 | 80.00 | 0.16 | 176.91 |
| 10 | Contractual Personnel for PMU | 1496 | 1213.69 | 220.00 | 67.56 | 1281.25 |
| 11 | Price Escalation, Contingency, Consulting services | 18926 | | | | |
| | **Total** | **88477** | **80260.15** | **5808.87** | **166.59** | **80426.74** |
| 11 | Administrative Cost 9State Share) | 26776 | 18182.00 | 191.13 | 29.91 | 18211.91 |
| | **Grand Total** | **115253** | **98442.15** | **6000.00** | **196.50** | **98638.65** |


संपादक मण्डल: संरक्षक **पी.के. उपाध्याय** परियोजना निदेशक | संपादक **एस.आर. यादव** संयुक्त परियोजना निदेशक (प्रभारी) | सहायक संपादक **जी. के. वर्मा** उप परियोजना निदेशक | संयोजन **संयोग मिश्र** | साज–सज्जा **गिरधारी लाल चौधरी**

**प्रकाशक :** राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना (फेज–2), अरावली भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर (राज.) 302004, फोन : 0141–5199660